## संक्षिप्त

### समारोह का आयोजन

**पावटा।** बुधवार को पंचायत समिति पावटा कार्यालय सभागार में दीपावली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन विकास अधिकारी सुशील यादव की अध्यक्षता एवं प्रधान मीरा सैनी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। इस दौरान आपसी भाईचारा एवं मेल मिलाप कर दीपावली, गोवर्धन एवं भाई दूज पर्व पर अग्रिम शुभकामनाओं के साथ अपने कर्तव्य पथ पर सजग रहकर आपसी सहयोग से सरकार की योजनाओं की प्रभावी क्रियान्विति करने के सुझाव दिए। जिसमें पंचायत समिति पावटा मंत्रालय कर्मचारी संघ, ग्राम विकास अधिकारी संघ उपशाखा पावटा एवं पंचायत समिति मनरेगा स्टाफ द्वारा सामूहिक रूप से अधिकारियों एवं कर्मचारियों विकास अधिकारी सुशीला यादव, प्रधान मीरा देवी सैनी, सहायक विकास अधिकारी विजेंद्र यादव, सहायक लेखाधिकारी प्रथम अशोक मीणा का माला व साफा पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह देकर शुभकामनाएं दी गई।

### किसानों की समस्याओं पर होगी चर्चा

**निवाई।** किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट का गुरूवार को गांवों का दौरा रहेगा। किसान महापंचायत के ब्लॉक अध्यक्ष दशरथसिंह चौहान ने बताया कि किसानों की समस्याओं को लेकर महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट 16 अक्टूबर को गांवों का दौरा करेंगे। जिसको लेकर ग्राम पंचायत मूंडिया एवं चैनपुरा में राष्ट्रीय अध्यक्ष जाट का सैकड़ों किसानों द्वारा स्वागत किया जाएगा। इस दौरान किसानों की कई समस्याओं को लेकर चर्चा की जाएगी।

### आरोपी गिरफ्तार

**टोंक।** जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन मे राजेश विद्यार्थी वृत्ताधिकारी टोंक एवं मेहन्दवास थानाधिकारी के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा ऑनलाईन साईबर ठगी के आरोप में डिटेन किये गये आरोपी खुशीराम पुत्र हरिराम मीना उम्र 20 वर्ष निवासी अँधेरा भादोती थाना मलारना डुगंर जिला सवाईमाधोपुर से पूछताछ के दौरान उसके कब्जे से मिले मोबाईल फोनों का गहनता से विशलेषण करने पर पाया गया कि खुशीराम फर्जी आईडी का इस्तेमाल करके गरीब परिवारों से आधार कार्ड प्राप्त कर धोखे से बैंक में उनके अकाउंट खुलवाकर, उन अकाउंटस् को अपने द्वारा साईबर फ्रॉड कर राशि उनके अकाउंट से प्राप्त करना पाया गया।

### शिविर का आयोजन

**निवाई।** राजकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना का प्रथम एक दिवसीय शिविर का आयोजन हुआ। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. छोटूलाल मीणा ने बताया कि शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि नोडल प्राचार्य डॉ. डीआर जैन, कन्या महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. प्रीति जैन एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ रूपा चौधरी द्वारा मां सरस्वती के दीप प्रज्वलन करके किया।

### कार्यशाला आयोजित

**टोंक।** भारतीय जनता पार्टी टोंक द्वारा आत्मनिर्भर भारत अभियान एवं नेक्स्ट जन जीएसटी रिफॉर्म की कार्यशाला केबिनेट मंत्री सुमित गोदारा के आथित्य व भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान की अध्यक्षता में जिला परिषद सभागार में आयोजित हुई। कार्यशाला में आत्मनिर्भरता, स्वदेशी उत्पादों के उपयोग एवं कर सुधारो पर विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरान मंत्री सुमित गोदारा ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का संकल्प और नेक्स्ट जेन जीएसटी सुधार, भारत की आर्थिक प्रगति के लिए मील का पत्थर सिद्ध होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दिए गए आत्मनिर्भर भारत के मूलमंत्र और वर्तमान कर सुधारों ने आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया है,

### चालक गिरफ्तार

**निवाई।** निवाई सदर थाना पुलिस ने अवैध रवन्ना से बजरी परिवहन करते हुए एक टेलर को जब्त कर चालक को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि पुलिस टीम ने फर्जी रवन्ना से बजरी परिवहन करते हुए एक डंपर टिपर को जब्त किया गया है। उन्होंने बताया कि इस मामले में डंपर चालक हीरालाल पुत्र घासीदास बैरवा निवासी छाण बासूर्या थाना मेहंदवास को गिरफ्तार किया है।

### रजवास गांव में आए विदेशी पक्षी मेहमान

**निवाई।** गांव रजवास में देवनारायण भगवान मंदिर के पिछे खेतो में मोट्यायवाला तालाब में बुधवार को सुबह सुबह बहुत से साइबेरियन पक्षी देखने को मिले है। वनमित्र रामप्रसाद गुर्जर रजवास ने बताया कि साइबेरियन पक्षी विदेशों से आते है।

# 'युवा कहें शिक्षा को हाँ, बाल विवाह को ना, आगे बढ़कर हर घर को करें रोशन'

- बाल विवाह को रोकने व शिक्षा को मजबूत करने के लिए अलवर में दो दिवसीय कार्यशाला हुई आयोजित। अतिरिक्त जिला कलेक्टर बीना महावर ने किया शुभारंभ



'हमारी पहल अभियान' पोस्टर का विमोचन करते अतिरिक्त जिला कलेक्टर बीना महावर।

**अलवर।** जिले में बाल विवाह प्रथा को रोकने हेतु चलाये जा रहे हमारी पहल अभियान के तहत आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का समापन किया गया। कार्यशाला की शुरुआत मंगलवार को अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं मजिस्ट्रेट बीना महावर द्वारा की गई। इस कार्यशाला का उद्देश्य बाल विवाह, शीघ्र एवं जबरन विवाह की रोकथाम और बालिकाओं के शिक्षा अधिकार को सशक्त बनाने के लिए युवाओं की भूमिका को मजबूत करना था।

आयोजन समिति के शिक्षाविद् नुर मौहम्मद ने कहा हमारी पहल " युवा कहें शिक्षा को हाँ, बाल विवाह को ना आगे बढ़कर हर घर रोशन हो। उन्होंने कहा की शिक्षा से निरन्तर जुढ़े रहने से बाल विवाह प्रथा को रोका जा सकता है। इसके लिए आज के युवाओं को यह प्रयास करना होगा। उन्होंने बताया कि यह पहल गर्ल्स नॉट ब्राइड्स – राजस्थान स्टेट पार्टनरशिप के अंतर्गत कल्प द्वारा समन्वित की जा रही है, जो प्रदेश के 16 जिलों में साझेदार संस्थाओं के सहयोग से बाल विवाह समाप्ति के लिए कार्य कर रही है।

इस दो दिवसीय कार्यशाला के सत्रों का संचालन सुधीर उपाध्याय स्टेट प्रोग्राम लीड व आशा नारंग जिला समन्वयक एवं राजन गर्ल्स नोट ब्राइडस राजस्थान के राज्य सचिवालय कल्प द्वारा किया गया। सत्रों में सहभागियों को इंटरएक्टिव चर्चा, समूह गतिविधियों और अभियान योजना के माध्यम से अभियान की रूपरेखा, सरकारी योजनाओं एवं युवाओं की जिम्मेदारी पर गहराई से जानकारी दी गई। कार्यशाला में आशा नारंग व सुधीर उपाध्याय ने बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथाओं को समाप्त करने तथा बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने में अभियान की भूमिका की सराहना की। अभियान के उद्देश्यों एवं प्रमुख रणनीतियों को विस्तार से साझा किया। उन्होंने बताया कि हमारी पहल अभियान का एक मुख्य उद्देश्य सरकारी योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुँचाना भी है, जिनमें प्रमुख हैं परिवहन वाउचर योजना, कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना, निःशुल्क साइकिल वितरण योजना, प्री एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना।

कार्यशाला के समापन सत्र में युवाओं ने यह संकल्प लिया कि वे अभियान के संदेश युवा कहें शिक्षा को हाँ, बाल विवाह को ना को अपने-अपने समुदायों, विद्यालयों और पंचायतों तक पहुँचाएँगे। वे रचनात्मक माध्यमों, जनसंवादों और स्थानीय पहलों के ज़रिए बाल विवाह उन्मूलन और बालिकाओं की शिक्षा को प्रोत्साहित करेंगे।

### फरार आरोपियो को किया गिरफ्तार


**पावटा।** प्रागपुरा थाना पुलिस ने विभिन्न वारदात को अंजाम देकर पिछले कई सालों से फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वांछित अपराधियों की धरपकढ़ हेतु रेंज स्तर पर चलाए जा रहे अभियान की पालना में कार्यवाही हेतु विशेष अभियान की पालना में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपूतली वैभव शर्मा के सुपरविजन व वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर शिप्रा राजावत के निर्देशन व प्रागपुरा थाना प्रभारी कश्मीर सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा अथक प्रयास करते हुए कार्यवाही करते हुए बीएनएस में वांछित अपराधी कैलाश पुत्र रिछपाल उम्र 43 साल निवासी ठेकेदार वाली ढाणी तन ललाना, सतनारायण पुत्र रिछपाल उम्र 36 साल निवासी ठेकेदार वाली ढाणी तन ललाना, एमडीआर एक्ट में वांछित मुलजिम रामवतार पुत्र कल्लू आबकारी अधिनियम में वांछित मुलजिम सुखबीर पुत्र फतेह सिंह बीएनएस में वांछित मुलजिमान नरेश पुत्र रामकुमार को गिरफ्तार करने में सफलता अर्जित की।

# आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

**मनोहरपुर ।** कस्बे के मुख्य बाजार में परमानंद रेडीमेड गारमेंट्स की दुकान पर हुई तोढ़फोढ़ और दहशत फैलाने की घटना को लेकर मंगलवार को व्यापारियों में भारी आक्रोश देखने को मिला। शीघ्र गिरफ्तारी की मांग को लेकर व्यापारियों ने बाजार बंद कराने का प्रयास किया।

सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और व्यापारियों से बातचीत कर समझाइश की। थाना प्रभारी ने आश्वासन दिया कि सभी दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस के आश्वासन के बाद व्यापारियों ने शांति बनाए रखी।

जानकारी के अनुसार दो दिन पूर्व कस्बे के परमानंद रेडीमेड गारमेंट्स की दुकान पर करीब 15 से 20 युवक लाठी-सरिए लेकर पहुंचे और दुकान में


व्यापारियों ने थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा ।

जमकर तोढ़फोढ़ की। अचानक हुए इस हमले से बाजार में अफरा-तफरी मच गई थी।

मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने सुरेंद्र मीणा उर्फ सोनू (पुत्र मुकेश मीणा, उम्र 21 वर्ष, निवासी श्यामपुर, विराटनगर) और पवन पवार (पुत्र परशुराम धोबी, उम्र 20 वर्ष, निवासी मैड, विराटनगर) को गिरफ्तार किया है, वहीं एक नाबालिग को निरुद्ध किया गया है। पुलिस का कहना है कि अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है और जल्द ही सभी को गिरफ्तार किया जाएगा।

### ईडार पोर्टल का शुभारम्भ

**अलवर।** सुधीर चौधरी (आईपीएस) पुलिस अधीक्षक जिला अलवर जानकारी देते हुए बताया कि सडक़ दुर्घटनाओं से संबंधित डेटा एकत्र कर विश्लेषण से सडक़ सुरक्षा में सुधार के लिए केंद्रीय सडक़ परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा (आई-रेड) यानी एकीकृत सडक़ दुर्घटना डेटा बेस पोर्टल का नया अवतार राजस्थान में ईडार के रूप मे सामने आया है। ई-विस्तृत दुर्घटना रिपोर्ट यानी ईडार पोर्टल का शुभारम्भ जिला पुलिस ने ऑनलाइन किया। सडक़ दुर्घटनाओं के मुआवजा दावा निपटाने के लिए ईडार पोर्टल चालु किया गया। इससे सडक दुर्घटनाओं में पीडित परिवारों को न्याय दिलाने में मदद मिलेगी और समय पर समुचित मुआवजा व अन्य लाभ मिलेगे।

यह है पोर्टल की खासियत:- अब तक इस्तेमाल किए जा रहे आई-रेड पोर्टल के जिला रोल आउट मैनेजर कपिल कुमार शर्मा के अनुसार बीते पाँच वर्षों में पोर्टल 3281 से अधिक मामले दर्ज किए गए।

# अष्टम राष्ट्रीय पोषण माह के तहत कार्यक्रम आयोजित

- आमजन मोटे अनाजों का महत्व समझते हुए फास्ट फूड के स्थान पर श्री अन्न का उपयोग करें - कलेक्टर
- पोषण माह के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया

**कोटपूतली।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अष्टम राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम एवं पोषण मेले का आयोजन होटल राज महल पैलेस, कोटपूतली के सभागार में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी ने पोषण मेले एवं व्यंजन प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। सरकार के निर्देशानुसार 17 सितम्बर से 16 अक्टूबर 2025 तक अष्टम राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में बुधवार को जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें पोषण माह के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। जिला कलेक्टर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पोषण माह के तहत आईसीडीएस विभाग द्वारा सभी शिविरों में श्री अन्न से बने व्यंजनों की रेसिपी प्रदर्शित की गई, ये एक सराहनीय प्रयास है। शिविरों में बाजरे का केक जैसी रेसिपी भी प्रस्तुत की गईं, ताकि आमजन को मोटे अनाजों का महत्व समझ में आए और वे फास्ट फूड के स्थान पर श्री अन्न का उपयोग करें।

आईसीडीएस उप निदेशक सतपाल यादव ने बताया कि पोषण अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य एवं पोषण की देखभाल, इससे संबंधित उत्तम प्रथाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार तथा समाज के विभिन्न हितधारकों की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए इसे एक जनआंदोलन का रूप देने हेतु विभिन्न थीम आधारित गतिविधियां आयोजित की जाती हैं।

उन्होंने बताया कि इस वर्ष अष्टम राष्ट्रीय पोषण माह की मुख्य थीम स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार है। इस मुख्य थीम के साथ-साथ विभिन्न उप-थीमों पर भी आंगनवाढ़ी केंद्रों, ग्राम पंचायतों, सेक्टरों, परियोजनाओं एवं जिला स्तर पर विविध गतिविधियां आयोजित की गईं, जिनमें प्रमुख रूप से मोटापे से निपटना-नमक, चीनी एवं तेल के उपयोग में कमी लाना, प्रारम्भिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा पोषण भी, पढ़ाई भी, शिशु एवं कम उम्र के बच्चों का पूरक आहार , वोकल फॉर लोकल, पोषण एवं देखभाल में पुरुषों की भागीदारी और एक पेढ़ माँ के नाम शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि जिले के 1263 आंगनवाढ़ी केंद्रों, 46 सेक्टरों एवं परियोजना स्तर पर पोषण माह के दौरान प्रतिदिन थीम आधारित गतिविधियां आयोजित की गईं तथा उनकी प्रविष्टियां जनआंदोलन डैशबोर्ड पर दर्ज की गईं। ग्राम सेवा शिविरों के दौरान प्रत्येक ग्राम पंचायत में मोटे अनाज एवं स्थानीय खाद्य पदार्थों पर आधारित पौष्टिक व्यंजन प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। साथ ही चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत आयोजित महिला चिकित्सा शिविरों में भी पोषण माह से संबंधित विशेष गतिविधियां संपादित की गईं।

# रात्रि चौपाल में जिला कलक्टर ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

- मौके पर ही किया कई शिकायतों का निस्तारण

**भरतपुर ।** आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान और प्रशासन को जनता के द्वार तक पहुँचाने के उद्देश्य से जिला कलक्टर कमर चौधरी की अध्यक्षता में मंगलवार रात्रि को उपखंड उच्चौन के ग्राम नगला बीजा में रात्रि चौपाल का आयोजन हुआ। रात्रि चौपाल में ग्रामीणों ने जलापूर्ति, सढ़क, बिजली, पेंशन, राजस्व, शिक्षा एवं स्वास्थ्य से संबंधित अपनी समस्याएं रखीं। इस दौरान 10 से अधिक परिवाद प्राप्त हुए, जिनमें से कई का मौके पर ही निस्तारण कर राहत दी गई। जिला कलक्टर ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा आमजन तक योजनाओं के लाभ पहुँचाने और जनसुनवाई को सशक्त बनाने के लिए रात्रि चौपालें एक प्रभावी माध्यम हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीणों की समस्याओं को प्राथमिकता से सुनकर निर्धारित समय सीमा में समाधान सुनिश्चित करें।

जनसुनवाई के दौरान ग्रामीणों द्वारा नगला बीजा से चक नगला बीजा के मध्य रेलवे अंडर पास बंद किए जाने की शिकायत पर जिला कलक्टर ने तहसीलदार को मौके पर निरीक्षण करने एवं रेलवे विभाग के अधिकारियों को पत्र लिखने के निर्देश दिए। उन्होंने शेरीकलां बस स्टैण्ड से नगला बीजा के बीच सढ़क पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने के लिए पीडब्ल्यूडी अधिकारी को निर्देश दिए कि ग्रामीणों से समझाइश करते हुए पुलिस सहयोग से कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने आयुर्वेदिक अस्पताल से पंचायत भवन तक की सढ़क पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने के भी निर्देश दिए।

शिक्षा व्यवस्था को लेकर उन्होंने कहा कि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नगला बीजा में क्षितग्रस्त कमरों की मरम्मत एवं नए कमरों के निर्माण के लिए भामाशाहों का सहयोग लिया जाए तथा आवश्यक प्रस्ताव मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से भेजे जाएं। उन्होंने पीएचईडी अधिकारी को ग्राम रहीमपुर में जल जीवन मिशन योजना के तहत क्षितग्रस्त पाइपलाइन की मरम्मत कर जलापूर्ति व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने नदबई उपखंड क्षेत्र के बछामदी ग्राम में उप स्वास्थ्य केंद्र संचालित करने हेतु शिक्षा विभाग की खाली भवन हस्तांतरण अथवा भूमि आवंटन के विकल्प पर शीघ्र कार्यवाही प्रक्रिया प्रारंभ करने के लिए संबंधित के निर्देश दिए ।

# एनएफएसए में नाम जुड़वाने से कोई भी पात्र व्यक्ति नही रहे वंचित : मंत्री गोदारा

- मंत्री सुमित गोदारा ने बैठक लेकर विभागीय अधिकारियों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में नाम जोड़ने, गिव अप अभियान, नए जुड़े लाभार्थियों की आधार सीडिंग और ई-केवाईसी कराने के निर्देश दिए

**टोंक।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता विभाग के मंत्री सुमित गोदारा ने बुधवार को टोंक जिला परिषद सभागार में समीक्षा बैठक लेकर विभागीय अधिकारियों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में नाम जोड़ने, गिव अप अभियान, नए जुड़े लाभार्थियों की आधार सीडिंग और ई-केवाईसी कराने के निर्देश दिए। इस दौरान गोदारा ने जिले में गिव अप अभियान की समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों से कहा की 89 हजार 982 व्यक्तियों ने गिव अप अभियान के तहत स्वेच्छा से अपना नाम खाद्य सुरक्षा से हटवाया है और 1 लाख 60 हजार नए लाभार्थी जुड़े है। इसमें और गति लाते हुए अभियान की सतत मॉनिटिरिंग कर 31 अक्टूबर तक जिले को दिए गए लक्ष्य के अनुरुप सक्षम लोगों को स्वेच्छा से एनएफएसए से अपना नाम हटवाने के लिए प्रेरित कर प्रगति लाना सुनिश्चित करें।


खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता विभाग के मंत्री सुमित गोदारा ने बुधवार को टोंक जिला परिषद सभागार में समीक्षा बैठक ली।

उन्होंने कहा कि सक्षम व्यक्ति कार्यालय आकर, स्थानीय उचित मूल्य दुकानदार के माध्यम से एवं ऑनलाईन आवेदन कर खाद्य सुरक्षा का लाभ स्वेच्छा से छोड़ सकते है। उन्होंने जिले के सभी सक्षम लाभार्थियों से अपील कर कहा की वह अपना नाम स्वेच्छा से हटाये, ताकि जरुरतमंद व्यक्ति को योजना का लाभ मिल सकें। गोदारा ने राशन डीलरों के बकाया कमीशन एवं परिवहनकर्ताओं के लम्बित भुगतान की उपखंडवार समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए की सभी बकाया मामलो का नियमानुसार भुगतान शीघ्र पूर्ण किये जाये।

उन्होंने नई दुकानों के आंवटन में देरी को लेकर नाराजगी जाहिर करते हुए जिला रसद अधिकारी को इसी माह प्रक्रिया को पूर्ण करने के निर्देश दिए। खाद्य मंत्री ने जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल को इसकी मॉनिटरिंग करने के लिए कहा।

गोदारा ने खाद्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए की विभाग की योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने में कोई कोताही नही हो और आमजन की शिकायतो का शीर्घ्र समाधान सुनिश्चित किया जाये।

### तीन करोढ़ 88 लाख 25 हजार की राशि स्वीकृत

**पावटा।** विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में अतिक्षितग्रस्त सढ़कों के निर्माण के लिए क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकढ़ की अनुसंशा पर राज्य सरकार ने 3 करोढ़ 88 लाख 25 हजार रुपए की स्वीकृति जारी की है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों द्वारा क्षितग्रस्त सढ़कों की मरम्मत के लिए विधायक कुलदीप धनकड से मांग की थी। जिस पर4 विधायक धनकड की अनुसंशा पर राज्य सरकार ने कार्रवाई करते हुए स्वीकृति प्रदान की। इनमें होली चौक हायर सेकेंडरी स्कूल वाया लाम्बा की ढाणी की तरफ एमडीआर 251 भांकरी में 12 लाख 80 हजार की लागत से सुरक्षा दीवार, छापढ़ा कलां से ढाणी हरयाला 49 लाख की लागत से 2 किलोमीटर लंबी सढ़क, कैमरिया से टोरडा ब्राहमण 31लाख 85 हजार की लागत से बनने वाली 1.3 किलोमीटर लंबी सढ़क, ए आर स्वामियों की ढाणी से धावली 49 लाख की लागत से 2 किलोमीटर लंबी सढ़क, पालढ़ी से नवरंगपुरा 30 लाख की लागत से बनने वाली सढ़कों के निर्माण के लिए प्रशासनिक स्वीकृति जारी की गई है।

## सार-समाचार

### पुलिस चौकी में स्टॉफ की स्थाई ड्युटी लगवाने की मांग

**कोटपूतली।** स्थानीय राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल परिसर में स्थित पुलिस चौकी में स्टॉफ की स्थाई ड्युटी लगवाने की मांग को लेकर अस्पताल के पीएमओ डॉ. पुष्कर राज गुर्जर ने विगत 08 अक्टुबर को जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार बिष्नोई को पत्र लिखा था। जिस पर एसपी ने त्वरित रूप से कार्यवाही करते हुये पुलिस चौकी में स्थाई रूप से स्टॉफ की नियुक्ति कर दी हैं। उल्लेखनीय हैं कि चिकित्सालय परिसर में स्थित पुलिस चौकी में स्टॉफ नहीं होने के कारण एक्सीडेंट, एमएलसी, पीएमआर आदि में कानूनी कार्यवाही में देरी होती थी एवं परिजनां की भीढ़ उग्र होने के कारण झगढ़े की परिस्थितियां हो जाती थी व अस्पताल प्रशासन पर अव्यवस्था का आरोप लगाया जाता था। अब पुलिस चौकी में स्थाई रूप से स्टॉफ की नियुक्ति होने के बाद एमएलसी, पीएमआर आदि समेत कानूनी सम्बधिंत कार्य त्वरित रूप से सम्पादित किये जा सकेगें।

### चार माह से भुगतान नहीं मिलने को लेकर किया धरना प्रदर्शन

**राजगढ़।** कस्बे के नगर पालिका के ठेका सफाई कर्मचारियों के तीन-चार महीने से भुगतान नहीं मिलने को लेकर पंडित भवानी सहाय स्मारक के सामने बुधवार को धरना प्रदर्शन कर रोष व्यक्त किया। इस सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची मगर समझाइस के बाद भी सफाई कर्मचारी नहीं माने। धरना प्रदर्शन की वजह से आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पढ़ा। विदित रहे कि ठेके पर लगे महिला पुरुष सफाई कर्मचारियों का वेतन पिछले तीन-चार महीने से नहीं मिलने के कारण त्योहार के मध्य परेशानी का सामना करना पढ़ रहा है। इसको लेकर ठेके पर लगे महिला पुरुष सफाई कर्मचारियों ने प्रमुख मार्गो में रैली निकालकर पंडित भवानी सहाय शर्मा स्मारक के सामने धरना प्रदर्शन किया। इस वजह से कस्बे में दो दिन से सफाई नहीं होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पढ़ा। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी जगदीश खींचढ़ ने बताया कि सफाई कर्मचारियों के भुगतान के बिल ट्रेजरी में भेजे हुए हैं। ई सी एस स्तर पर शीघ्र भुगतान प्रक्रिया पूर्ण होने के साथ एक-दो दिन में हो जाएगा।

### 'पथ संचलन सामाजिक समरसता व अनुशासन का प्रतीक'

**सांभरझील।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का निकाले जाने वाला पथ संचलन सांभर शहर की युवा शक्ति के लिए खास आकर्षण का केंद्र होगा। नेशनल यूथ अवार्डी पवन कुमार मोदी ने सभी युवा वर्ग व हर समाज के लोगों को इसमें पार्टिसिपेट किए जाने का अनुरोध किया है, उन्होंने कहा कि कुछ संचलन सामाजिक एकता का तो प्रतीक है ही साथ ही इससे राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना भी स्वत: ही मन में स्फुटित होती है। सांभर नगर के पूर्व कारवां विजय प्रजापति ने सभी से अपील करते हुए कहा कि पथ संचलन स्वयंसेवकों के लिए एक शारीरिक व्यायाम ही नहीं बल्कि इससे बौद्धिक विकास भी चरम पर पहुंचता है। नगर कारवां सत्यम पारीक ने पथ संचलन को एक अनुशासन में जीने की खास अनुभूति बताते हुए कहा कि इससे एकता और संयम भली भाती परिलक्षित होती है। जुझारू स्वयंसेवक मनीष सूंठवाल बताते हैं कि एकजुटता का संदेश और सामाजिक समरसता इसका मुख्य उद्देश्य है लेकिन राष्ट्र की भावना सर्वोपरी होती है। बताया गया कि पथ संचलन नीम रोड स्थित दशहरा ग्राउंड से पदाधिकारियों के उद्बोधन के पश्चात परंपरागत तरीके से निर्धारित मार्गो से निकला जाएगा जिसमें स्वयं सेवकों की ओर से अपना शारीरिक व्यायाम व अन्य कलाओं का प्रदर्शन भी खास होगा।

### मिष्ठान भंडार एवं अन्य प्रतिष्ठानों का किया निरीक्षण

**पावटा।** कोटपूतली सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रक डॉ. टी. शुभमंगला, जिला कलेक्टर कोटपुतली बहरोढ़ प्रियंका गोस्वामी, अतिरिक्त जिला कलेक्टर कोटपुतली बहरोढ़ डॉ. ओमप्रकाश सहारण के निर्देशन में आगामी त्यौहारी सीजन को देखते हुए पावटा के बस स्टैंड पर स्थित जोधपुर मिष्ठान भंडार के गोदाम का निरीक्षण किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कोटपुतली बहरोढ़ डॉ. आशीष सिंह शेखावत ने बताया कि उक्त गोदाम से कलाकंद एवं मिश्री मावा का सैंपल लिया गया एवं निरीक्षण करने पर परिसर में साफ सफाई नहीं पाए जाने के कारण सुधार का नोटिस दिया गया। साथ ही पावटा के शनि मंदिर के पास स्थित मातेश्वरी ट्रेंडिंग कंपनी के गोदाम का निरीक्षण किया गया एवं घी (मातुला ब्रांड) का सैंपल लिया गया एवं प्रथम दृष्टया मिलावटी घी की आशंका होने पर 72 किलो घी को सीज किया गया। पावटा के बीकानेरी रसगुल्ला भंडार से रसगुल्ला एवं सांवरा बीकानेरी रसगुल्ला भंडार से रसगुल्ला का सैंपल लिया गया साथ ही सफाई संतोषजनक नहीं पाने पर सुधार नोटिस दिया गया। उक्त सैंपलों को प्रयोगशाला जयपुर में भिजवाया गया एवं जांच रिपोर्ट आने पर एफएसएसए एक्ट के तहत नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

### अस्पताल के मुख्य द्वार पर अवैध पार्किंग

**फुलेरा।** जोबनेर रोड स्थित उपजिला चिकित्सालय के मुख्य द्वार के सामने अवैध पार्किंग से इलाज के लिए आने वाले रोगीयो व उनके परिजनों को भारी असुविधा उठानी पड रही है। यह नहीं है कि इस चिकित्सालय परिसर मे पार्किंग सुविधा नही है, यहाँ पर आने वाले प्रति दुपहिया वाहन के लिए मात्र दस रूपये निर्धारित है। लेकिन अधिकांश वाहन चालक को दस रूपये की राशि जेब पर भारी लगती है। वह दस रूपये बचाने के लिए अपना वाहन अस्पताल के मुख्य द्वारा के सामने खडा करके चले जाते है। इससे आपातकाल के लिए आने वाली एम्बुलेंस तो क्या पैदल चलने वालो तक के लिए रास्ता नहीं रहता है। वहीं पार्किंग व्यवस्था मे लगे ठेकेदार का कर्मचारी का कहना है कि वह प्रत्येक वाहन की पुरी सर्तकता चोकीदारी करने के बावजूद भी अपने पैसे बचाने के चक्कर में मुख्य प्रवेश द्वार के सामने वाहनों को खढ़ा कर देते हैं, जिसके कारण अस्पताल में आने जाने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पढ़ता है।

### एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**कोटपूतली।** यहां के राजकीय सरदार जनाना अस्पताल परिसर में बुधवार को बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर के नेतृत्व में ब्लॉक स्तरीय एक दिवसीय तम्बाकु नियंत्रण, फायर सेफ्टी, ओरल कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर, सवाईकल कैंसर स्क्रीनिंग व आपातकालीन जीवन रक्षक हेतु सीपीआर का प्रषिक्षण दिया गया। इस मौके पर विधायक हंसराज पटेल, एसडीएम बृजेष कुमार चौधरी, सीएमएचओ डॉ. आषीष सिंह शेखावत व भाजपा जिला उपाध्यक्ष जयराम सिंह गुर्जर ने स्वास्थ्यकर्मियों व आमजन को सम्बोधित किया। विधायक पटेल ने कहा कि नषा मुक्त अभियान चलाकर युवाओं व आमजन को नषे के दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी देते हुये उन्हें नषा नहीं करने के बारे में प्रेरित किया जावें। उन्होंने सभी चिकित्सा संस्थाओं में अग्निषमन उपकरण की उपलब्धता सुनिष्चित करने की बात कही। साथ ही कहा कि प्रत्येक कार्मिक को फायर सेफ्ट का प्रषिक्षण दिया जायें, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सकें।

### 325 किलो सोन पपड़ी को किया सीज

**टोंक।** शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा त्योहारी सीजन में खाद्य पदार्थों के लगातार नमूने भी लिए जा रहे हैं। कार्यवाही के दौरान चिकित्सा विभाग के खाद्य सुरक्षा अधिकारी मदन लाल गुजर के नेतृत्व में टीम ने रिद्धि सिद्धि एजेंसी मालपुरा के गोदाम पर छापा मारकर सोन पपड़ी भगवती ब्रांड का नमूना लेकर शेष बचे हुए लगभग 325 किलोग्राम सोन पपड़ी को जांच रिपोर्ट आने तक नियमानुसार सीज कर विक्रेता की सुरक्षित अभिरक्षा में रखने हेतु सुपुर्दगी दी गई। उक्त सोन पपड़ी भगवती ब्रांड की पैकिंग पर निर्माण तिथि, उपयोग में लेने की तिथि व बैच नंबर अंकित नहीं होने के कारण एक्ट के अंतर्गत नियमानुसार सीज किया गया।

### कांग्रेस जिलाध्यक्ष बनने के लिए आए 36 दावेदार

**अलवर ।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष बनने के 36 दावेदार हैं। इनके आवेदन ऑब्र्जवर सलीम अहमद के पास आ चुके हैं। अब इनमें से 6 नेताओं की फाइल दिल्ली तक जाएगी। इसके बाद दिल्ली में बढ़े नेता रायशुमारी कर एक को जिलाध्यक्ष बनाएंगे। जिलाध्यक्ष वही बनेगा, जिसके लिए सबसे अधिक कार्यकर्ताओं ने राय दी है।